अमर उजाला 1/11/25

# एसडी कॉलेज में छात्र उद्यमियों ने हाथ से बने उत्पाद किए प्रदर्शित



एसडी कॉलेज में छात्र उद्यमियों के हस्तनिर्मित उत्पाद देखते अतिथि। आयोजक

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 के एसडी कॉलेज के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) और ग्रीन कैंपस कमेटी की ओर से ओपन बाजार 4.0 के चौथे संस्करण का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने किया। उन्होंने इस पहल को नवाचार, स्थिरता और युवा उद्यम का संगम बताया। उन्होंने कहा कि यह युवा उद्यमियों के लिए अपने रचनात्मक विचारों को वास्तविक रूप देने का सशक्त मंच है। यह आयोजन आत्मनिर्भर भारत के विजन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप है जो अनुभवात्मक शिक्षा, नवाचार और जिम्मेदार उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है।

इससे विचारों को वास्तविक दुनिया में उड़ान मिलती है। छात्र उद्यमियों ने 100 से अधिक स्टॉल में पर्यावरण-अनुकूल क्राफ्ट, सस्टेनेबल फैशन, हस्तनिर्मित उत्पाद, एआई-संचालित डिजिटल समाधान, बेक्ड डिलाइट्स और कला-प्रेरित वस्तुएं प्रदर्शित की गईं। कार्यक्रम में लगभग 4 हजार विजिटर्स आए और दो दिनों में 10 लाख रुपये से ज्यादा का टर्नओवर हुआ।

अर्थ प्रकाश 1/11/25



# एसडी कॉलेज में 'ओपन बाज़ार 4.0' में दिखा नवाचार और युवा उद्यमिता का अनोखा संगम

**अर्थ प्रकाश संवाददाता**

**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) और ग्रीन कैंपस कमेटी की ओर से आयोजित उद्यमशीलता शोकेस 'ओपन बाज़ार 4.0' का चौथा संस्करण संपन्न हो गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्रिंसिपल और आईआईसी प्रेसिडेंट डॉ. अजय शर्मा ने किया था। उन्होंने इस पहल को नवाचार, स्थिरता और युवा उद्यम का जीवंत संगम बताते हुए कहा कि 'ओपन बाज़ार 4.0' युवा उद्यमियों के लिए अपने रचनात्मक विचारों को वास्तविक रूप देने का सशक्त मंच है। डॉ. शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि यह आयोजन आत्मनिर्भर भारत के विज़न और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप है, जो अनुभवात्मक शिक्षा, नवाचार और जिम्मेदार उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है।

उन्होंने ओपन बाज़ार 4.0 को ÷रचनात्मक साहस का उत्सव÷ बताया, जहां विचारों को वास्तविक दुनिया में उड़ान मिलती है। दो दिवसीय इवेंट में भारी उत्साह देखने को मिला। क्षेत्र के विभिन्न कॉलेजों और संस्थानों से आए छात्र उद्यमियों ने 100 से अधिक स्टॉल लगाए, जिनमें पर्यावरण-अनुकूल क्राफ्ट, सस्टेनेबल फैशन, हस्तनिर्मित उत्पाद, एआई-संचालित डिजिटल समाधान, बेक्ड डिलाइट्स और कला-प्रेरित वस्तुएं प्रदर्शित की गईं।

City Life Bhaskar 1/11/25

# युवाओं ने दिखाई आंत्रप्रिन्योरशिप से जुड़ी स्किल्स

## Open Baazar

चंडीगढ़ | पर्यावरण, सस्टेनेबल फैशन, एआई-संचालित डिजिटल समाधान से जुड़े आइडिया। इन्हें एसडी कॉलेज-32 में आयोजित ओपन बाजार में साझा किया गया। कॉलेज के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल और ग्रीन कैंपस कमेटी ने इसका आयोजन किया। इस दौरान 100 से अधिक स्टॉल्स देखने को मिले, जहां युवाओं ने बिजनेस आइडिया और अपने द्वारा तैयार आर्ट क्राफ्ट को साझा किया। इस दौरान स्टूडेंट्स ने कॉलेज में सीखे मार्केट रिसर्च, ब्रांडिंग, कस्टमर इंटरेक्शन और बिजनेस एथिक्स का इस्तेमाल कर अपनी आंत्रप्रिन्योरल स्किल्स को बेहतर किया। जिससे स्टूडेंट्स ने बिजनेस प्लानिंग, ब्रांडिंग, प्राइसिंग और कस्टमर कम्युनिकेशन जैसी स्किल्स को भी इंप्रूव किया। इस इवेंट में लगभग 4000 विजिटर्स पहुंचे।



दैनिक सवेरा 1/11/25

# जीजीडीएसडी कॉलेज में आयोजित 'ओपन बाज़ार 4.0' में दिखा नवाचार, स्थिरता और युवा उद्यमति का अनोखा संगम



ओपन बाजार की प्रदर्शनी को देखते प्रिंसिपल।

**सवेरा न्यूज/नीना** चंडीगढ़, 31 अक्तूबर : जीजीडीएसडी कॉलेज सैक्टर 32 के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) और ग्रीन कैंपस कमेटी की ओर से आयोजित उद्यमशीलता शोकेस 'ओपन बाज़ार 4.0' का चौथा संस्करण संपन्न हो गया। कार्यक्र म का उद्घाटन कॉलेज के प्रिंसिपल और आईआईसी प्रेसिडेंट डॉ. अजय शर्मा ने किया था। उन्होंने इस पहल को नवाचार, स्थिरता और युवा उद्यम का जीवंत संगम बताते हुए कहा कि 'ओपन बाज़ार 4.0' युवा उद्यमियों के लिए अपने रचनात्मक विचारों को वास्तविक रूप देने का सशक्त मंच है। डॉ. शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि यह आयोजन आत्मनिर्भर भारत के विज़न और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप है, जो अनुभवात्मक शिक्षा, नवाचार और जिम्मेदार उद्यमता को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने ओपन बाज़ार 4.0 को ''रचनात्मक साहस का उत्सव'' बताया, जहां विचारों को वास्तविक दुनिया में उड़ान मिलती है। इस इवेंट में लगभग 4,000 विज़िटर्स आए और दो दिनों में 10 लाख रु पये से ज़्यादा का ग्रॉस टर्नओवर हुआ, जिससे स्टूडेंट एंटरप्राइज और मिलकर काम करने की उपलिब्ध में एक नया बेंचमार्क बना। रेवेन्यू के अलावा, इसने बहुत कीमती प्रैक्टिकल लिर्न ंग भी दी - जिससे स्टूडेंट्स को मार्के ट रिसर्च, ब्रांडिंग, कस्टमर इंटरेक्शन और बिज़नेस एथिक्स का हैंड्स-ऑन अनुभव मिला। इस आयोजन की सफलता संयोजक डॉ. विक्र म सागर, सह-संयोजक डॉ. ज्योति जोशी और आयोजन सचिव सुरीत सिंह के गतिशील नेतृत्व से प्रेरित रही।

दैनिक सवेरा 1/11/25

# एमसीएम का वाडा क्लब नशामुक्त भारत के संकल्प को सशक्त करता है

**सवेरा न्यूज/नीना**

चंडीगढ़, 31 अक्तूबर : एमसीएम डीएवी कॉलेज फॉर वूमैन सैक्टर 36 के विक्ट्री अगेन्स्ट ड्रग एब्यूज़ क्लब (वाडा) ने भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तत्वावधान में 'नशा मुक्त भारत अभियान' विषय पर इंटर कॉलेज प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा समाज को नशामुक्त बनाने के सामूहिक प्रयासों के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में कॉलेज की प्रतिष्ठित पूर्व छात्रा एवं गेस्ट ऑफ ऑनर तथा क्विज मास्टर एकम ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन की शोभा बढ़ाई। प्रतियोगिता में 14 महाविद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें देव समाज कॉलेज फॉर वूमैन, गवर्नमैंट कॉलेज ऑफ योगा एजुकेशन एंड हेल्थ, गवर्नमैंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन 20, पी.जी. गवर्नमैंट कॉलेज 11, पी.जी. गवर्नमैंट कॉलेज फॉर गर्ल्स 11, गवर्नमैंट कॉलेज 46, गवर्नमैंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, जी.जी.डी.एस.डी. कॉलेज तथा रीजनल इंस्टिट्यूट ऑफ इंग्लिश, सेक्टर 32 सहित अन्य संस्थान सम्मिलित थे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिज्ञा समारोह से हुई, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने नशे के विरुद्ध शपथ ली और स्वस्थ, नशामुक्त भविष्य के निर्माण का संकल्प दोहराया। प्रश्नोत्तरी दो चरणों में आयोजित की गई – प्रारंभिक चरण में वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए, जबकि अंतिम चरण में 'नशा मुक्त भारत अभियान' विषय पर चित्र आधारित प्रश्न शामिल थे। कड़ी और रोमांचक प्रतिस्पर्धा के बाद मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि गोसवामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज तथा गवर्नमैंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सेक्टर 20 ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यवाहक प्राचार्या नीना शर्मा ने वाडा क्लब की टीम और स्वयंसेवकों को उनके समर्पण और सामाजिक सरोकार से जुड़े इस सार्थक कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

दिव्य हिमाचल 1/11/25

# एसडी कालेज में छात्रों ने लगाए स्टॉल

## महाविद्यालय में उद्यमशीलता शोकेस ओपन बाज़ार 4.0 का समापन

दिव्य हिमाचल ब्यूरो- चंडीगढ़



चंडीगढ़ के सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल आईआईसी और ग्रीन कैंपस कमेटी की ओर से आयोजित उद्यमशीलता शोकेस ओपन बाज़ार 4.0 का चौथा संस्करण संपन्न हो गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्रिंसीपल और आईआईसी प्रेजिडेंट डा. अजय शर्मा ने किया था। उन्होंने इस पहल को नवाचार, स्थिरता और युवा उद्यम का जीवंत संगम बताते हुए कहा कि ओपन बाज़ार 4.0 युवा उद्यमियों के लिए अपने रचनात्मक विचारों को वास्तविक रूप देने का सशक्त मंच है। डा. शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि यह आयोजन आत्मनिर्भर भारत के विज़न और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप है, जो अनुभवात्मक शिक्षा, नवाचार और जिम्मेदार उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने ओपन बाज़ार 4.0 को रचनात्मक साहस का उत्सव बतायाए जहां विचारों को वास्तविक दुनिया में उड़ान मिलती है। दो दिवसीय इवेंट में भारी उत्साह देखने को मिला। क्षेत्र के विभिन्न कॉलेजों और संस्थानों से आए छात्र उद्यमियों ने 100 से अधिक स्टॉल लगाए, जिनमें पर्यावरण अनुकूल- क्राफ्ट, सस्टेनेबल फैशन, हस्तनिर्मित उत्पाद, एआई संचालित डिजिटल समाधान, बेक्ड डिलाइट्स, कला प्रेरित वस्तुएं प्रदर्शित की गईं।

पंजाब केसरी 1/11/25

# ओपन बाजार 4.0 में दिखा नवाचार, स्थिरता और युवा उद्यमिता का अनोखा संगम

चंडीगढ़, 31 अक्तूबर (आशीष): सैक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के इंस्टीच्यूशन इनोवेशन काऊंसिल और ग्रीन कैंपस कमेटी की ओर से आयोजित उद्यमशीलता शोकेस ओपन बाजार 4.0 का चौथा संस्करण संपन्न हो गया।

प्रिंसिपल और आई.आई.सी. प्रैजीडैंट डॉ. अजय शर्मा ने किया था। उन्होंने इस पहल को नवाचार, स्थिरता और युवा उद्यम का जीवंत संगम बताया। उन्होंने कहा कि ओपन बाजार 4.0 युवा उद्यमियों के लिए रचनात्मक विचारों को वास्तविक रूप देने का सशक्त मंच है। आयोजन आत्मनिर्भर भारत के विजन और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप है, जो अनुभवात्मक शिक्षा, नवाचार और जिम्मेदार उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने ओपन बाजार 4.0 को रचनात्मक साहस का उत्सव बताया। विभिन्न कॉलेजों और संस्थानों से आए छात्र उद्यमियों ने 100 से अधिक स्टॉल लगाए, जिनमें पर्यावरण-अनुकूल क्राफ्ट, सस्टेनेबल फैशन, हस्तनिर्मित उत्पाद, ए.आई. संचालित डिजिटल समाधान, बेक्ड डिलाइट्स और कला-प्रेरित वस्तुएं प्रदर्शित की गईं।



सैक्टर-32 एसडी कॉलेज के प्रिंसीपल अजय शर्मा उद्घाटन करते हुए।